**Title:** Regarding killing of a Minister in Madhya Pradesh.

12.38 hrs.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मध्य प्रदेश की एक दुखद घटना के बारे में सदन को जानकारी देना चाहता हूं। मैं बालाघाट जिले का सांसद हूं। वहां के चार विधान सभा के क्षेत्र नक्सलवादी आन्दोलन से प्रभावित हैं। स्वर्गीय लिखी राम कामड़े की कल रात्रि डेढ़ बजे निर्मम हत्या की गई जो मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री थे और बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री भी थे। सिर्फ इतना ही नहीं कि हत्या की गई, उनके हाथ पीछे बांधे गये और किरनापुर से दो किलोमीटर बाजू में ले जाये गये। किरनापुर विधान सभा क्षेत्र का मुख्यालय है, तहसील प्लेस है। उनके घर से उनको उठाया गया, उनके सिर को काटा गया, उनके शरीर को काटा गया और घर के कैम्पस के सामने फेंका गया।

1239 hrs. (Mr. Deputy-Speaker in the Chair)

अभी भी इस बात पर आम राय नहीं है कि हत्या का कारण क्या है। अगर सरकार यह कहना चाहती है कि वह नक्सलवादी आन्दोलन का हिस्सा है तो मैं उसको नकारता तो नहीं, लेकिन मैं उस पर विश्वास करने के लिए, उसको मानने के लिए तैयार नहीं हूं। उसका कारण मैं बताना चाहता हूं कि मैं भी वहां लोक सभा का चुनाव लड़ा हूं। वहां पर नक्सलाइट आन्दोलन के आई.जी. हैं, डी.आई.जी. हैं, एस.पी. हैं, उसके बाद ही मैं चुनाव लड़ पाया। वहां पिछले चुनावों से ११६ मतदान केन्द्रों पर मतदान के अभिकर्ता नहीं रहे। मैंने अपने चुनाव में अभिकर्ता भेजे, पर मुझे भी सुरक्षा नहीं दी गई। मैं सुरक्षा की मांग नहीं करना चाहता, मगर मैं कहना चाहता हूं कि सरकार से मैंने कहा था कि यह परिस्थिति आयेगी। यह पहली राजनैतिक हत्या है। एक कैबिनेट मिनिस्टर की हत्या कर दी जाये, जो जिले का प्रभारी मंत्री हो, जिसके साथ एस्कोर्ट चलती है, ऐसा माना जाता है कि वह जिले का मुख्य मंत्री है। मैं इस बात को जोर देकर कहना चाहता हूं कि जब प्रभारी मंत्री की हत्या हो सकती है,

उनको घर से उठाकर मुख्यालय से दो किलोमीटर दूर ले जाकर काट-काटकर फेंक दिया। उसके बाद भी हमारे साथी इस बात को इतने हल्के ढंग से लेना चाहते हैं। मैंने मुख्य मंत्री जी से सुबह बात की थी। मैं उस जिले का सांसद हूं, मैंने कहा कि मैं भी फ्युनरल में शामिल होना चाहता हूं, क्या आप उसकी जानकारी देंगे। आपको जानकर आश्चर्य होगा, मैं दुख के साथ कहना चाहता हूं कि मुख्य मंत्री जी ने कोई जवाबदेही की बात नहीं की। मैं जब लॉ एंड ऑर्डर की बात करता हूं

... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members, please resume your seats. I am on my legs.

... (Interruptions)

श्री प्रहलाद सिंह पटेल : वे मेरे इलाके के मंत्री थे

... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Patel, you have already raised the matter. The Government might have taken note of it.

... (Interruptions)

श्री प्रहलाद सिंह पटेल : मैंने अपनी बात पूरी नहीं की है।

... (व्यवधान)

श्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा): हमने भी नोटिस दिया है।

... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Patel has already raised the matter. There are three or four other hon. Members to associate with what he said just now.

... (Interruptions)

उपाध्यक्ष महोदयः यह क्या हो रहा है, जीरो ऑवर पर भी कंट्रोल नहीं है।

... (व्यवधान)

श्री विनय कटियार (फैजाबाद): ये लोग खड़े होकर इस बात को जस्टिफाई कर रहे हैं।

... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Vinay Katiyar, your name is also there in the list. I will give you a chance to speak.

... (Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Patel, what do you want from the Central Government on this issue?

... (Interruptions)

श्री प्रहलाद सिंह पटेल : मैं दो बिंदु यहां पर रखना चाहता हूं

... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members, Shri Patel has brought a very serious matter to the notice of the House. There are three or four other hon. Members to associate with what he has said just now.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल : इस बात पर आपत्ति नहीं होनी चाहिए। मैं दो बातें कहना चाहता हूं**

... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Ramdas Athavale, I have to seriously view your conduct.

... (Interruptions)

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल : उपाध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं**

... (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय : आप सरकार से क्या चाहते हैं, यह बताइए।**

**श्री विनय कटियार : पूरी बात तो होने दीजिए।**

... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am there to regulate the House. You do not have to regulate it. I want the whip of the Party to regulate his Members.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल : मैं आपसे कह रहा हूं, यह पहली घटना नहीं है। परसों सोनेवाली चौकी पर नक्सलाइट ने घेरकर चार घन्टे फायरिंग की। वहां पर हैंड ग्रेनेड चले**

... (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय : आप सरकार से क्या चाहते हैं, यह बताइए।**

There are three or four Members who wish to associate themselves with it.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल : मैं उस क्षेत्र से सांसद हूं, मेरी बात नहीं सुनी जाएगी। मैं आपसे कह रहा हूं, दो दिन पहले सोनेवाली चौकी पर चार घन्टे तक नक्सलाइट ने फायरिंग की है। यह घटना कोई पहली घटना नहीं है। पिछले दो महीनों के भीतर १७वीं या १८वीं घटना है। मुख्य मंत्री का नाम लेने पर मेरे मित्रों को आपत्ति हो रही है, मैं तो कहता हूं कि शर्म आनी चाहिए, यह आपस के झगड़ों का परिणाम है। ला-एंड-आर्डर की स्थिति वहां पर नहीं है**

... (व्यवधान)
मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं

... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: You will get a chance to speak.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल : वहां के मुख्य मंत्री को तत्काल त्याग पत्र देना चाहिए।**

... (व्यवधान)
वहां एक जिले में

DIG

**बैठा हुआ है। उसके रहते हुए वहां हत्या हो जाए, तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए।**

... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: This is `Zero Hour'', not a discussion. You should only say what you want the Government to do.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल : मैं सरकार से मांग करता हूं कि वहां की सरकार को बर्खास्त तो किया ही जाना चाहिए और अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की भी जानी चाहिए।**

... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Scindia, you will get a chance to speak.

**">श्री शिवराजसिंह चौहान : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मै अपने आपको इससे सम्बद्ध करता हूं, लेकिन मेरा निवेदन यह भी है कि इस पूरे मामले की**

">

">CBI

**">से जांच करायें। कांग्रेस के अन्दरूणी झगड़े का परिणाम है, वहां पर मंत्री की हत्या हुई है। ... (व्यवधान) पूरे मध्य प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो गई है। अपराधों के मामले में**

... (व्यवधान)
दिग्विजय सिंह जी को बर्खास्त किया जाए। मध्य प्रदेश की सरकार को बर्खास्त किया जाए और पूरे मामले की ">

">CBI

**">से जांच कराई जाए।**

">

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Pandey, please resume your seat. Nothing will go on record.

">(Interruptions)*

**">श्री विनय कटियार : उपाध्यक्ष महोदय, रक्षा से संबंधित मजदूर संघ के लोग ... (व्यवधान) मैं दूसरे विषय पर हूं।**

... (व्यवधान)
">

**">उपाध्यक्ष महोदय : इसी सिलसिले में आपका नाम है, आप इससे एसोशिएट करना चाहते हैं।**

... (व्यवधान)
">

">">

**">उपाध्यक्ष महोदय : पाण्डेय जी, आपका नाम एसोशिएट करने के लिए नहीं है। आप सीनियर मैम्बर हैं। इन्होंने नाम दिया है, इसीलिए इनको बुलाया है।**

**">श्री विनय कटियार : यह बहुत गम्भीर मामला है। मैं इससे सम्बद्ध करते हुए भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि इसकी**

">

">CBI

**">से जांच कराई जाए और कई राज्यों में जहां-जहां भी कांग्रेस की सत्ता है, वहां पर आए दिन घटनायें हो रही हैं। ... (व्यवधान)**

">

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Your name is there. I will call your name. You are going to associate yourself with it.

**">श्री विनय कटियार : मैं खड़ा हूं, मुझे बोलने नहीं देंगे। आपकी बारी में मैं कहने नहीं दूंगा।**

... (व्यवधान)
">

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Why are you provoking them? You should confine yourself to the subject.

">-------------------------------------------------------------------------

">* Not Recorded.

**">श्री विनय कटियार : महोदय, पूरे मध्य प्रदेश में अराजकता का वातावरण है। कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। ये यहां पर एक दिखाई देते हैं, बाहर जाते हैं तो आपस में लड़ते हैं। एक कैबिनेट मंत्री की हत्या हो जाए, इससे दुखद और कोई घटना नहीं हो सकती है। माननीय सदस्यों को उत्तेजित न होकर उनके दुख में सहभागी बनना चाहिए। लेकिन आज मुझे ऐसा लग रहा है कि इनको इससे कुछ लेना-देना नहीं है। ... (व्यवधान)**

">

**">उपाध्यक्ष महोदय : जब कटियार जी बोल रहे हैं तो आप बीच में कैसे बोल रहे हैं।**

">

">

... (व्यवधान)
">

**">श्री विनय कटियार : महोदय, मध्य प्रदेश सरकार को बर्खास्त करके सीबीआई से इसकी जांच कराई जाए, यह मेरा निवेदन है।**

">... (व्यवधान)
">

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members, there are more items and we could go through them also if you maintain peace. There are some more Members who want to participate. Now, Shri Scindia will speak.

">... (Interruptions)

**">श्री माधवराव सिंधिया (गुना) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, जो घटना घटी है वह बेहद दुखद है और मैं सोचता हूं कि मानवता के आधार पर इसे राजनीति से दूर रखते हुए इस पर चर्चा करनी चाहिए।**

... (व्यवधान)
">

">MR. DEPUTY-SPEAKER: This is not the way to behave in the House. When you were speaking, I was controlling the House. Everybody must have patience for hearing.

">... (Interruptions)

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

">(Interruptions) *

">MR. DEPUTY-SPEAKER: I will not allow anybody to talk like this.

">... (Interruptions)

">MR. DEPUTY-SPEAKER: You are not allowing even the Chair to speak. You please sit down. I am on my legs.

">... (Interruptions)

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not interrupt now. There are some more Members to speak.

">... (Interruptions)

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Again you are getting up.

">------------------------------------------------------------------------------

">* Not Recorded.

**">**

... (व्यवधान)
">

**">श्री कमलनाथ (छिन्दवाड़ा) : महोदय, इनके खिलाफ खुद केस चल रहा है और यह लम्बी चौड़ी बातें कर रहे हैं।**

... (व्यवधान)
">

**">उपाध्यक्ष महोदय : इस हाउस को कंडक्ट करना किसी के बस में नहीं है।**

">

**">**

... (व्यवधान)
">

**">श्री विनय कटियार : महोदय, संसदीय कार्य मंत्री को बुलाया जाए।**

... (व्यवधान)
">

">MR. DEPUTY-SPEAKER: This is too much, Shri Vinay Katiyar. Now please sit down.

">... (Interruptions)

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Let him speak. He has also given notice. Shri Shivraj Singh Chouhan, please sit down.

**">**

... (व्यवधान)

">

"**>उपाध्यक्ष महोदय : आप सीनियर मेम्बर हैं, आपको भी मालूम होना चाहिए कि तीन-चार मेम्बर एक ही सब्जैक्ट पर लिस्ट में आ जाते**

">">

"**>तो सबको चांस मिलता है। आपको चांस मिला है तो क्या उन्हें नहीं मिलना चाहिए? क्या इनको आप इंटरप्ट करेंगे।**

">

">

... (व्यवधान)
">

">MR. DEPUTY-SPEAKER: I will not allow you to speak like this.

">... (Interruptions)

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Chouhan, please sit down.

">

... (व्यवधान)
">

"**>श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (खजुराहो) : दिल्ली में हर दो दिन में तीन लोगों की हत्या हो रही हैं।**

... (व्यवधान)

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Is there nobody who can control them? Shri Shivraj Singh Chouhan, if you all behave like this, tell me, how can I condu this House? You are not allowing even me to speak in this House. When you speak and they interrupt, nothing will go on record and nobody can hear you. When they speak and you interrupt like this, how can I conduct the House? What Zero Hour is this? It is better that we adjourn the House. You all had your say; let him also be heard peacefully. Please do not interrupt him. I appeal to all the three of you - Shri Vinay Katiar, Shri Shivraj Singh Chouhan and Shri Prahlad Singh Patel.

">...(Interruptions)

"**>श्री शिवराजसिंह चौहान : उपाध्यक्ष जी, हिंदुस्तान में पहली बार किसी कैबिनेट मंत्री की हत्या हुई है।**

">... (व्यवधान)
">

">MR. DEPUTY-SPEAKER: You have started it again. I think the Parliamentary Affairs Minister should control these people. Shri Pramod Mahajan, Parliamentary Affairs Minister, I seek your cooperation. I just cannot control these two-three Members. I am unable to control them. Please prevail upon them and tell them to keep quiet. How do I conduct the House like this?

"**>श्री विनय कटियार : हम तो केवल इतना चाहते हैं कि संसदीय कार्य मंत्री जी इस मामले पर बयान दें।**

... (व्यवधान)
">

">SHRI SOMNATH CHATTERJEE : We are seeing now that they are disturbing the House. They are doing all sorts of disturbance here and the senior Members are sitting quiet. Members on the Treasury Benches are not allowing the House to continue.

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Members on the Treasury Benches should not behave like this. It is very unfortunate. All the senior leaders are sitting quiet. They do not even convince them. They all had their say. How do I conduct the House?

"**>श्री शिवराजसिंह चौहान : कैबिनेट मंत्री काट कर फैंक दिया जाए और हम कुछ बोलें नहीं।**

">... (व्यवधान)
">ट्रैजरी बैंच की तरफ से हम क्यों चुप रहें, बोलें क्यों नहीं।

">... (व्यवधान)
">

">MR. DEPUTY-SPEAKER: I warn you, do not say such things.

"**>श्री माधवराव सिंधिया : माननीय उपाध्यक्ष जी, जो निर्मम और बर्बर हत्या हुई है, मैं आश्चर्य कर रहा हूं कि आज इस हाउस में मानवीय भावनाओं को क्या हो गया है।**

**क्या हमने मानवीय भावनाओं को त्याग दिया है।**

... (व्यवधान)
">

**">श्री विलास मुत्तेमवार (नागपुर) : बोलने पर क्या आपकी मोनोपली है।**

... (व्यवधान)
">

">SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): If you do like this, we will not allow anybody from your side to speak in the House. Is it the proper way?

">...(Interruptions)

">MR. DEPUTY-SPEAKER: I warn the Member. He cannot stop any other Member to speak in this House. This is really too much. I am sorry to say this.

">(Interruptions)

">13.00 hrs.

">SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : If they do like this, we will also not allow anything to be transacted...(Interruptions) How will the House function in this condition?...(Interruptions)

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Let him say. Please take your seats.

">Now, Shri Madhavrao Scindia to speak.

">... (Interruptions)

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Pradhan, please resume your set.

">... (Interruptions)

">MR. DEPUTY-SPEAKER: There is a limit for anything.

**">श्री माधवराव सिंधिया : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा था कि कभी-कभी ऐसी कुछ दुखद घटनाएं घट जाती हैं जिन के बारे में सदन में चर्चा राजनीति को अलग और परे रखते हुए होती है। तीस वर्ष के संसदीय इतिहास में मेरा अनुभव इसी तरह का रहा है। मैं आज स्तब्ध हूं। मुझे यह देख कर आश्चर्य हुआ जब इस निर्मम और बर्बर हत्या के मामले को उठा कर हमारे साथीगण राजनीतिक द्वेष और राजनीतिक रंग देने की कोशिश करने लगे। मैं अपील करूंगा**

... (व्यवधान)
">

**">श्री शिवराजसिंह चौहान : उपाध्यक्ष महोदय, यह गलत बात कह रहे हैं। ... (व्यवधान) इसमें राजनीति करने का सवाल नहीं है।**

... (व्यवधान)
">

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Will you not allow him to speak? Please tell me. Mr. Chauhan, will you not obey the Chair?

**">**

... (व्यवधान)
">

**">श्री माधवराव सिंधिया : हमने ऐसा वातावरण कभी नहीं देखा।**

">... (व्यवधान)
">">

**">उपाध्यक्ष महोदय : यह क्या हो रहा है?**

**">**

**">**

... (व्यवधान)
">

**">श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, एक सीनियर मैम्बर बोल रहे हैं और ये बीच-बीच में टोका-टाकी कर रहे हैं।**

... (व्यवधान)
">

**">उपाध्यक्ष महोदय : इसमें क्या पॉलिटिकल है? यह आपको बात का जवाब दे रहे हैं।**

">

**">**

... (व्यवधान)
">

">MR. DEPUTY-SPEAKER: It has also gone on record.

">... (Interruptions)

">MR. DEPUTY-SPEAKER: Did I object you?

**">श्री माधवराव सिंधिया : सम्माननीय लक्खीराम कावरे जी एक चुने हुए विधायक के नाते हमारे पुराने साथी थे। मुझे पूरा विश्वास है कि सत्तारूढ़ दल में जो हमारे साथी बैठे हैं, उन्हें बहुत दर्द महसूस हो रहा होगा। जिस तरह से यह निर्मम हत्या हुई और उनको काट-काट कर मार डाला गया, उससे निश्चित रूप से मानवीय भावनाएं आहत होती हैं। वह हमारे और आपके साथी थे। हमें आपसे अधिक दर्द महसूस हो रहा है। उपाध्यक्ष महोदय, इसे व्यापक संदर्भ में देखना होगा। इस सम्बन्ध में मिल-जुल कर ठोस कदम उठाने होंगे। आखिरकार जिस तरह उनकी हत्या हुई**

">... (व्यवधान)
">मैं इसमें राजनीति

**नहीं लाना चाहता हूं।**

... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let him complete.

... (Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please resume your seat.

**श्री माधवराव सिंधिया : सम्माननीय उपाध्यक्ष महोदय, जिस तरह से यह बर्बर हत्या की गई, शव के नज़दीक जिस तरह के पोस्टर मिले जिसमें इस बात का वर्णन किया गया था कि एक दूसरे प्रदेश में तथाकथित नकली एनकाउंटर के कारण उनके चार साथी मारे गये थे, इस कारण बदले की भावना मध्य प्रदेश में निकाल रहे हैं। हम और आप जानते हैं कि नकस्लिज्म से काफी क्षेत्र प्रभावित हो गया है। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव आन्ध्र प्रदेश पर पड़ रहा है। वहां की सरकार प्रयत्न कर रही है। हम यह नहीं कहते कि वह प्रयत्न नहीं कर रही है। वहां यह भंयकर रूप धारण कर गया है। इसका असर धीरे-धीरे मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ क्षेत्रों पर हो रहा है। इसलिये हम निश्चित रूप से चाहते हैं कि**

... (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय : यह आज क्या हो रहा है?**

**श्री माधवराव सिंधिया : इसलिये जो घटनायें आन्ध्र प्रदेश में घटती है, उनका असर कभी कभी पड़ोसी राज्यों पर भी पड़ता है। इस बात को हमें बारीकी से देखना होगा। इस बारे में आन्ध्र प्रदेश सरकार से चर्चा करनी होगी। मैं यह मानता हूं कि कभी कभी देश की अलग-अलग जगहों पर कुछ ऐसे फोकस बन जाते हैं, केन्द्र बिन्दु बन जाते हैं। जिन चार प्रदेशों पर प्रभाव पड़ा है, वहां के मुख्यमंत्रियों को एक साथ बैठकर जिसमें सैंट्रल गवर्नमेंट भी सम्मिलित हो, एक कोआर्डिनेटिव एफर्टस होना चाहिये। इसमें जो बुनियादी मामला है, उस मामले में हम सब मिल-जुलकर पार्टी की भावना से ऊपर उठकर कैसे टैकल करें, इसके बारे में विचार-विमर्श करें। एक मुद्दे को उठाकर उसमें राजनीति लाना, मुझे अच्छा नहीं लगता कि स्वर्गीय दिवंगत आत्मा का अपमान हो। इसलिये मैं आपसे अपील करना चाहता हूं कि इस बात से ऊपर उठकर बड़े पैमाने पर सोचा जाये। कोई दूसरा मामला आकर हमारे प्रदेश को प्रभावित कर सकता है और कभी कभी यह भी हो सकता है कि हमारे प्रदेश का मामला दूसरे प्रदेश को प्रभावित करे।**

These focusses have to be tackled.

**मैं संसदीय कार्य मंत्री जी से अपील करता हूं कि सैंटर इसमें पहल करे और नकस्लिज्म के बारे में एक को-आर्डिनेशन कमेटी**

**बनाये। ऐसे गंभीर बिन्दु पूर्व, पश्चिम या दक्षिण में हों तो इस बारे में को-आर्डिनेशन रहे। चारों प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को बुलाकर इस समस्या का हल हो। ऐसे प्रभावित परिवार के प्रति हमारी भारी संवेदना है और इसको मानवीय आधार पर लिया जाये, यही हमारे सभी साथीगणों से अपील है।**

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.10 p.m.

13.08 hours

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till ten minutes

past Fourteen of the Clock.

-----

१४१७ बजे

मध्याह्न भोजन के पश्चात लोक सभा १४.१७ बजे पुनः समवेत हुई।

(डा. रघुवंश प्रसाद सिंह पीठासीन हुए)

समापति महोदय : अब सभा की कार्रवाई शुरू की जाती है।